A P P E N D I C E S

APPENDIX 'A'

For Research Use Only

विद्यालय का नाम.. तिथि ....

विद्यार्थी का नाम.. कक्षा एवं वर्ग.....................................

GENERAL SCIENCE CONCEPT TEST
PREVIOUS KNOWLEDGE TEST (PKT)

निर्देश:—जब तक कहा नहीं जाय, अगला पन्ना मत खोलिये ।

इस परीक्षा में, अगले पन्नों में कुछ प्रश्न दिये गये हैं। ये प्रश्न सामान्य विज्ञान के उन अध्यायों से सम्बन्धित हैं, जो आपने छठी कक्षा में पढ़े हैं ।

प्रत्येक प्रश्न के साथ तीन या चार संभावित उत्तर (क, ख, ग, घ) दिये गये हैं । इनमें से केवल एक उत्तर ही बिल्कुल सही है। आपको अपनी समझ के आधार पर उस सही उत्तर की संख्या (क, या ख, या ग, या घ) उस प्रश्न के सामने दिये गये खाली स्थान ( ) में लिख देना है ।

उदाहरण:—

फूल का सबसे बाहरी वाला भाग, जो प्रायः हरे रंग का होता है और फूल की रक्षा करता है, वह है

(क) दल-पुंज

(ख) पुंकेसर

(ग) बाह्य दलपुंज

(घ) स्त्री केसर (ग)

इन प्रश्नों को हल करने के लिये १५ मिनट दिये जायेंगे। यदि किसी प्रश्न का उत्तर आपको नहीं आता है, तो आप उससे अगले प्रश्न को हल कर सकते हैं ।

GENERAL SCIENCE CONCEPT TEST

१. फूल के नर जननांग भाग को कहते हैं—
(क) वर्तिकाग्र (ख) पुंकेसर
(ग) पराग (घ) वर्तिका नली ( )

२. बीजाण्ड स्थित रहते हैं—
(क) वर्तिका में (ख) वर्तिकाग्र में
(ग) पराग कोष में (घ) अंडाशय में ( )

३. फूल का वह भाग जो कीटों को अपनी ओर आकर्षित करता है, कहलाता है—
(क) बाह्य दल (ख) पँखुड़िया (दल)
(ग) पुंकेसर (घ) स्त्री केसर ( )

४. जनन छिद्र स्थित रहता है—
(क) अंडाशय में (ख) पराग कोष में
(ग) बीजाण्ड में (घ) परागकण में ( )

५. बीज पौधे के किस भाग में बनता है ?
(क) मूल (ख) स्तम्भ
(ग) फूल (घ) फल ( )

६. बीज बनने के लिये कौनसा संयोग आवश्यक है—
(क) पुंकेसर + स्त्री केसर
(ख) परागकण + वर्तिकाग्र
(ग) पराग + अण्डाशय
(घ) परागकण + बीजाण्ड ( )

७. बहुत से फूलों को आपने देखा होगा। क्या सभी फूलों में नर तथा मादा भागों का होना
(क) आवश्यक है
(ख) आवश्यक नहीं
(ग) कुछ फूलों में आवश्यक है, कुछ में नहीं
(घ) मालूम नहीं ( )

८. प्राय: तितली तथा भौरे फूलों पर मंडराते हैं। तुम्हारे विचार में वे निम्न में से किन कारणों से फूलों की ओर आकर्षित होते हैं ?
(क) रंग
(ख) सुगंध (खुशबू)
(ग) शहद
(घ) ऊपर लिखे सभी ( )

९. सरकार किसानों को बीज बोने के लिये देती है, इसका कारण है—
(क) किसान लोग पढ़े-लिखे नहीं होते
(ख) किसान गरीब होते हैं और बीज नहीं खरीद सकते
(ग) किसान अच्छी फसल तैयार कर सकें
(घ) मालूम नहीं ( )

१०. निम्नलिखित में से कौनसा भाग आगे जाकर नया पौधा बनाता है—
(क) फूल (ख) फल
(ग) बीज (घ) जड़ ( )

११. तुमने देखा होगा कि किसान फसल उगाने के लिये बीज बोते हैं। बीज के उगने के लिये क्या-क्या बातें आवश्यक हैं ?
(क) हवा
(ख) पानी
(ग) रोशनी
(घ) ऊपर लिखे सभी ( )

१२. बीज से पौधा बनने की क्रिया को कहते हैं
(क) परागण
(ख) निषेचन
(ग) अंकुरण
(घ) युग्मन ( )

१३. अक्सर रोटी या अचार में सफेद-सफेद सी रचना उग जाती है, इसे कहते हैं—
(क) काई जमना
(ख) फफूंद आना
(ग) उफान आना
(घ) मालूम नहीं ( )

१४. क्षय, टाइफाइड (मोतीझरा) आदि रोग किनके द्वारा फैलते हैं ?
(क) गंदी हवा में रहने से
(ख) गंदे पानी से
(ग) जीवाणुओं द्वारा
(घ) मालूम नहीं ( )

१५. काई का हरापन किस कारण होता है ?
(क) पर्णहरिम (क्लोरोफिल) के कारण
(ख) कोई रंग उपस्थित होने के कारण
(ग) पानी तथा नमी में उगने के कारण
(घ) मालूम नहीं ( )